राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
सीनियर सेकेंडरी कोर्स: जनसंचार(335)
पाठ 17: विज्ञापन: एक परिचय
वर्क शीट 17

1. विज्ञापन से आप क्या समझते हैं। इस संबंध में दैनिक उपयोग के पांच टेलीविजन विज्ञापन को देखिए एवं उनकी उपयोगिता को सिध्द करते हुए अनुभव के आधार पर उत्तर दें।
2. प्रचीन भारतीय सभ्यताएं विज्ञापन का प्रयोग करती थी। सम्राट अशोक द्वारा प्रयोग शिलालेखों को देखे एवं उस समय में दिए गए विज्ञापनों की उपयोगिता के संदर्भ में तर्कपूर्ण उत्तर दें ।
3. दीवारों पर प्रदर्शित किन्ही पांच विज्ञापनों की सूची बनाइये, प्रत्येक विज्ञापन की एक विशेषता का उल्लेख सारणी के माध्यम से कीजिए।
4. भारतीय संदर्भ में किस अखबार में पहला विज्ञापन प्रकाशित हुआ? पहले विज्ञापन की उपयोगिता को समझते हुए तर्कपूर्ण उत्तर अपने शब्दों में दीजिए।
5. लोकसेवा विज्ञापन एवं सेवा विज्ञापन में अंतर स्पष्ट कीजिए।
6. मुद्रण, इलेक्ट्रनिक एवं न्यू मीडिया में विज्ञापन प्रक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।
7. लीफलेट, पोस्टर और हैंडबिल सभी के एक-एक नमूने एकत्र कीजिये। प्रत्येक की उपयोगिता को समझते हुए, उदहारणों के माध्यम से उत्तर दीजिए।
8. विज्ञापन के नये मंच कौन-कौन से हैं, सभी को चिन्हित करें। दैनिक जीवन में उनकी उपयोगित को पाइचार्ट के माध्यम से दर्शाएं।
9. पैपाइरस से आप क्या समझते हैं, विज्ञापन से इसका क्या संबंध है। तर्क सहित उत्तर दीजिए।
10. अपने शहर में विज्ञापन सेवा देने वाली किन्ही दो कंपनी का चयन करें, एवं अनके द्वारा विज्ञापन डिस्पले में किन तकनीकों एवं तरीकों को प्रयोग किया जाता है। उनके सभी तरीकों एवं प्रकारों को लिखकर समझे।